# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, सुल्तानपुर

Email- cdosultanpur@gmail.com Phone No.:- 05362-241330

**जनपद–सुलतानपुर के जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के कार्यो की दिनांक 17.02.2026 को सम्पन्न समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त –**

बैठक में निम्नलिखित अधिकारी / कर्मचारी / टी0पी0आई0 / डी0पी0एम0यू0 / एजेसियों के फर्म प्रतिनिधि उपस्थित थे।

1. श्री ददन कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, सुलतानपुर।
2. श्री वकार हुसैन, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर।
3. श्री प्रमोद कुमार, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर।
4. श्री शिव मूरत सिंह, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0–आरवी एसोसिएट्स, सुलतानपुर।
5. श्री अनिल कुमार साह, डी0पी0एम0, मेसर्स फिचनर, टी0पी0आई0, सुलतानपुर।
6. श्री सुनील मौर्या, परि0प्रब0, मेसर्स विध्या टेलीलिंक–गाजा (जे0वी0), सुलतानपुर।
7. श्री हरेन्द्र भाम्बू, परि0प्रब0, मेसर्स यू0एम0पी0ई0एस0एल0, सुलतानपुर।
8. श्री अंकित उपाध्याय,परि0प्रब0, मेसर्स गायत्री–रैमकी (जे0वी0) / एम0आई0आर0पी0पी0एल0, सुलतानपुर।

जनपद सुलतानपुर में ग्रामीण क्षेत्रों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादन हेतु 40 नग पुरानी पाइप पेयजल योजना एवं नई 658 नग पाइप पेयजल योजनाओं से किया जाना है। जिसमें पुरानी 40 नग योजनाओं का निर्माण पूर्व में जल निगम द्वारा किया गया था। जिस पर संचालन एवं अनुरक्षण की धनराशि न होने के कारण योजनायें बंद / आंशिक जलापूर्ति में है। पुरानी पाइप पेयजल योजनाओं के अनुरक्षण एवं संचालन हेतु जल निगम मुख्यालय स्तर से निविदा आमंत्रित कर जनपद सुलतानपुर में मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी को नामित किया गया है। मेसर्स यूनिवर्सल द्वारा पुरानी 40 नग पाइप पेयजल योजनाओं का अनुरक्षण एवं संचालन का डी0पी0आर0 तैयार कर स्वीकृति हेतु जल निगम मुख्यालय माह अगस्त, 2025 तक प्रेषित किया जा चुका है। जिनकी स्वीकृति उपरान्त पुरानी पाइप पेयजलयोजनाओं का अनुरक्षण एवं संचालन 10 वर्ष तक मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी द्वारा किया जायेगा।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फेज–02 एवं फेज–03 में कुल तीन फर्मो को पाइप पेयजल योजना के निर्माण हेतु नामित किया गया है। जिनके द्वारा कुल 658 नग पाइप पेयजल योजनाओं का निर्माण कराया जा रहा है। योजनाओं की प्रगति का विवरण निम्नानुसार है–

**मेसर्स गायत्री–रैमकी (जे0वी0)**–जनपद सुलतानपुर में फेज 02 के अन्तर्गत 67 राजस्व में 49 नग पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है प्रगति निम्नानुसार है–

| क्र0सं0 | प्रस्तावित कार्य | लक्ष्य | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 07.01.2026 | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 17.02.2026 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शिरोपरि जलाशय | 49 नग | 26 नग | 26 नग |
| 2 | नलकूप | 70 नग | 70 नग | 70 नग |
| 3 | पम्पहाउस | 70 नग | 62 नग | 66 नग |
| 4 | सोलर अधिष्ठापन | 70 नग | 43 नग | 43 नग |
| 5 | पाइप लाइन | 1095 किमी0 | 1057 किमी0 | 1057 किमी0 |
| 6 | एफ0एच0टी0सी0 कनेक्शन | 34733 नग | 33533 नग | 34611 नग |
| 7 | पूर्ण योजनाओं की संख्या | 49 नग | 07 नग | 07 नग |
| 8 | जलापूर्ति हो रही ग्रामों की संख्या | 67 ग्राम | 18 नग | 18 नग |
| 9 | हर घर जल सर्टिफिकेशन | 67 नग | 17 नग | 17 नग |

फर्म मेसर्स गायत्री रैम्की जेवी / मिलेनियम इन्फ्रा प्रा0लि0 के परियोजना प्रबन्धक श्री अंकित उपाध्याय द्वारा अवगत कराया गया कि 05 नग उच्च जलाशय पर कार्य प्रगति पर है व 04 नग योजनायें ऐसी है जहां वर्तमान में कोई लेबर नहीं लगी है तथा यह भी अवगत कराया गया कि 04 ग्राम पीढ़ी, बिजेथुआ राजापुर, जासापारा व ताजुददीनपुर में पाइप टेस्टिंग व गृह नल संयोजन का कार्य प्रगति पर है जिसे पूर्ण कर 10 मार्च, 2026 तक हर घर जल सर्टिफाइड करा दिया जायेगा।

➢ **मेसर्स यूनिवर्सल एम0ई0पी0 प्रो0 प्रा0लि0**–जनपद सुलतानपुर में फेज–03 के अन्तर्गत 310 राजस्व में 127 नग पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है प्रगति निम्नानुसार है–

| क्र0सं0 | प्रस्तावित कार्य | लक्ष्य | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 07.01.2026 | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 17.02.2026 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शिरोपरि जलाशय | 134 नग | 102 नग | 104 नग |
| 2 | नलकूप | 179 नग | 178 नग | 178 नग |
| 3 | पम्पहाउस | 179 नग | 174 नग | 177 नग |
| 4 | सोलर अधिष्ठापन | 179 नग | 158 नग | 165 नग |
| 5 | पाइप लाइन | 3082 किमी0 | 3034 किमी0 | 3040 किमी0 |
| 6 | एफ0एच0टी0सी0 कनेक्शन | 80484 नग | 77877 नग | 79046 नग |
| 7 | पूर्ण योजनाओं की संख्या | 127 नग | 65 नग | 67 नग |
| 8 | जलापूर्ति हो रही ग्रामों की संख्या | 310 ग्राम | 235 नग | 235 नग |
| 9 | हर घर जल सर्टिफिकेशन | 310 नग | 119 नग | 119 नग |

फर्म मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी के परियोजना प्रबन्धक श्री हरेन्द्र भाम्बू द्वारा अवगत कराया गया कि 27 नग उच्च जलाशयों पर कार्य प्रगति पर है। वर्तमान में फर्म द्वारा 158 ग्रामों के हर घर जल सर्फिफिकेट प्राप्त कर लिये गये है जिसमें से 119 पोर्टल पर अपलोड है। शेष सर्टिफिकेट को माह मार्च, 2026 में ही अपलोड करा दिया जायेगा।

➢ **मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा (जे0वी0)**–जनपद सुलतानपुर में फेज–03 के अन्तर्गत 1260 राजस्व में 482 नग पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है प्रगति निम्नानुसार है–

| क्र0सं0 | प्रस्तावित कार्य | लक्ष्य | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 07.01.2026 | कार्य पूर्ण की स्थिति दिनांक 17.02.2026 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | शिरोपरि जलाशय | 484 नग | 65 नग | 77 नग |
| 2 | नलकूप | 515 नग | 513 नग | 513 नग |
| 3 | पम्पहाउस | 515 नग | 472 नग | 480 नग |
| 4 | सोलर अधिष्ठापन | 515 नग | 421 नग | 421 नग |
| 5 | पाइप लाइन | 10361 किमी0 | 10259 किमी0 | 10259 किमी0 |
| 6 | एफ0एच0टी0सी0 कनेक्शन | 249595 नग | 237376 नग | 238441 नग |
| 7 | पूर्ण योजनाओं की संख्या | 482 नग | 26 नग | 26 नग |
| 8 | जलापूर्ति हो रही ग्रामों की संख्या | 1260 ग्राम | 152 नग | 152 नग |
| 9 | हर घर जल सर्टिफिकेशन | 1260 नग | 89 नग | 89 नग |

फर्म मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा जे0वी0 के परियोजना प्रबन्धक श्री सुनील मौर्या द्वारा अवगत कराया गया कि 257 नग उच्च जलाशय के स्लैब तक कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में 54 नग उच्च जलाशय पर कार्य प्रगति पर है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में नकारात्मक खबर प्रकाशित होने के संदर्भ में योजनाओं पर लेबर उपलब्धता की जानकारी चाही गयी। जिसके संदर्भ में अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में कार्यदायी फर्मो का भुगतान न होने के कारण लेबर की उपलब्धता फर्म द्वारा नहीं की गयी थी। वर्तमान में कार्यदायी फर्मो का आंशिक भुगतान हुआ है। जिसके पश्चात् भी वीटीएल फर्म द्वारा मात्र 127 नग योजनाओं पर कार्य कराया जा रहा है, गायत्री रैमकी द्वारा 11 योजनाओं पर कार्य कराया जा रहा है तथा यूनिवर्सल फर्म द्वारा 53 नग योजनाओं पर मैनपावर लगाकर कार्य कराया जा रहा है। पेयजल योजनाओं के प्रगति बढ़ाने हेतु इस कार्यालय के पत्रांक 31/डब्ल्यू–7/02 दिनांक 05.01.2026, पत्रांक 367/डब्ल्यू–7/22 दिनांक 31.01.2026, पत्रांक 527/डब्ल्यू–7/37 दिनांक 10.02.2026 द्वारा मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा जेवी को एवं पत्रांक 369/डब्ल्यू–8/11 दिनांक 31.01.2026 द्वारा मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी, मुम्बई को एवं पत्रांक 368/डब्ल्यू–6/15 दिनांक 31.01.2026, 458/डब्ल्यू–6/18 दिनांक 04.02.2026 द्वारा मेसर्स गायत्री रैम्की जेवी/मिलेनियम इन्फ्रा रियलिटी प्रोजेक्ट प्रा0लि0, हैदराबाद को नोटिस भी दिया गया है।

डिस्ट्रिक्ट को–ऑर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0, सुलतानपुर द्वारा अवगत कराया गया कि 03 ग्राम (बहरौली, चांदीपुर वेनी–सरैया) में ग्राम प्रधान/ग्रामवासियों द्वारा पाइप लाइन नहीं डालने दी जा रही है जिसके समाधान हेतु ग्राम प्रधानों से सम्पर्क किया गया है। पाइप लाइन न डालने के संदर्भ में पुनः ग्राम प्रधानों से सम्पर्क किया जायेगा। जिससे समाधान कर पाइप लाइन डलवायी जा सके।

उपरोक्त के अतिरिक्त, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर द्वारा अवगत कराया गया कि तीनों फर्मो द्वारा निर्मित कराये जा रहे उच्च जलाशयों की प्रगति अलग–अलग लेवल पर है, जिसका विवरण निम्नवत् है–

| क्र0 सं0 | फर्म का नाम | उच्च जलाशय की संख्या | उच्च जलाशय की प्रगति | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पीसीसी लेवल तक | 1-25% ग्राउन्ड लेवल तक कार्य | 26-50% ग्राउन्ड लेवल से स्लैब तक कार्य | 51-75% जिंक टैंक इरेक्शन तक कार्य पूर्ण | 76-99% इनलेट/आउटलेट पाइपिंग का कार्य | 100% कार्य पूर्ण |
| 1 | मेसर्स गायत्री–रैमकी जेवी/ मिलेनियम इन्फा | 49 | 0 | 11 | 7 | 4 | 1 | 26 |
| 2 | मेसर्स यूनिवर्सल एमईपी | 134 | 1 | 5 | 17 | 2 | 5 | 104 |
| 3 | मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा जेवी | 484 | 20 | 123 | 198 | 36 | 30 | 77 |
| | **कुल योग** | **667** | **21** | **139** | **222** | **42** | **36** | **207** |

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि मेसर्स विन्ध्या टेलीलिंक–गाजा जेवी द्वारा कार्यस्थल पर पाइप लाइन ज्वाइंटिंग, हाउस कनेक्शन एवं ग्राम में पेयजल आपूर्ति करने हेतु पर्याप्त मैनपावर नहीं लगाया गया है। जिस कारण ग्रामों में पेयजल आपूर्ति करवाना सम्भव नहीं हो पा रहा है।

जिस पर श्री सुनील मौर्या, प्रो0मैनेजर से कार्यस्थलों पर लेबर न होने व ग्रामों को हर घर जल सर्टिफाइड न कराने की स्थिति चाही गयी जिस पर श्री सुनील मौर्या द्वारा अवगत कराया गया है कि 31 मार्च, 2026 तक 50 ग्रामों को हर घर जल सर्टिफिकेट प्राप्त करने का लक्ष्य लिया गया है। वर्तमान में 160 लेबर ही पाइप ज्वाइंटिंग, हाउस कनेक्शन उपलब्ध कराने एवं हर घर जल सर्टिफिकेशन के कार्यो को कराने में लगी है।

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि "नल जल मित्र" कार्यक्रम में नामित व्यक्तियों की सूची 08 विकासखण्डों से प्राप्त हो गई है जिसको jjm2.0 Dashboard पर अपलोड कराया जा रहा है तथा शेष 06 विकासखण्ड–जयसिंहपुर, भदैया, कादीपुर, करौंदीकला, लम्भुआ एवं अखण्डनगर से सूची अप्राप्त है। RPWSS Portal पर भी जनपद की रैंकिंग 22th है तथा RPWSS ID Creation करवाया जा रहा है। आई0डी0 क्रियेशन जिलाधिकारी महोदय jjm2.0 Dashboard Login से ही करवाया जा सकता है।

**जल जीवन मिशन कार्यो की प्रगति बढ़ाने हेतु निम्नानुसार निर्देश दिये जाते है–**

1. फर्मो को अवशेष कार्यो के सापेक्ष पेयजल योजना से सम्बन्धित समस्त कम्पोनेंट को पूर्ण करने की सप्ताहिक प्लानिंग, आवश्यक श्रमिकों की तैनाती तथा सामग्रियों की उपलब्धता का विस्तृत विवरण तैयार कर अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर को प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।
2. मेसर्स फिचनर–टी0पी0आई0, सुलतानपुर को निर्देश दिये गये कि मासिक निरीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करें तथा उच्च जलाशय के निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करें।
3. डी0सी0, डी0पी0एम0यू0–आरवी एसोसिएट्स, सुलतानपुर को निर्देश दिये गये कि कार्यस्थलों पर किसी भी प्रकार के विवाद का निस्तारण करायें तथा विभिन्न विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में अधिशासी अभियन्ता व फर्म को पूर्ण सहयोग प्रदान करना सुनिश्चित करें।
4. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण, सुलतानपुर को निर्देशित किया गया है कि जिन योजनाओं पर योजना के निर्माण हेतु भूमि विवाद है व योजनायें जहां ग्राम में पाइप लाइन बिछाने में विवाद है उनका विवरण उपलब्ध करायें।
5. पाइप लाइन बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त मार्गो को पुर्नस्थापित करने हेतु प्रत्येक पेयजल योजनाओं/ग्रामों में सड़क पुर्नस्थापना में प्रयुक्त होने वाली सामाग्रियों को पेयजल योजनावार आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए यथाशीघ्र पुर्नस्थापित कराया जाना सुनिश्चित करेंगे।
6. कार्यदायी फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि जिन योजनाओं में कार्य पूर्ण है एवं नियमित जलापूर्ति की जा रही व आंशिक कार्य शेष है उनको शीघ्र पूर्ण कराते हुये योजनाओं को अनुरक्षण एवं संचालन में ले जाना सुनिश्चित करें।

7. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण, सुलतानपुर को निर्देशित किया गया है कि आगामी बैठक में जिंक एलम टैंक एवं आर0सी0सी0 टैंकी की संख्या व प्रगति अलग–अलग दर्शायें।
8. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण, सुलतानपुर को निर्देशित किया गया है कि जिस पेयजल योजना पर कार्य बंद/धीमी प्रगति पर है वहां पर एक सप्ताह के अंदर मैनपावर लगाकर प्रगति बढ़वाना सुनिश्चित करें।
9. आगामी बैठक में जिंक एलम टैंक एवं आर0सी0सी0 टैंकी की संख्या व प्रगति अलग–अलग दर्शायें।
10. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर को निर्देशित किया गया कि पेयजल योजनायें जहां धनराशि न होने के कारण कार्य बंद थे जिन पर समाचार पत्र में निगेटिव खबरें प्रकाशित हो रही है की सूची तैयार कर फर्मो से प्राथमिकता पर अधिक से अधिक मैनपावर व मशीनरी लगाकर कार्यो को पूर्ण करवायें जिससे कोई नकारात्मक खबरे समाचार पत्र में प्रकाशित न हों।
11. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण व कार्यदायी फर्मो के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया गया कि योजनाओं में पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक माह नियमित रूप से जल गुणवत्ता की जॉच करायें।

(विनय कुमार सिंह)
मुख्य विकास अधिकारी
सुलतानपुर।

पृ0सं0 689 / W-80 / 14 दिनांक 17/02/2026

**प्रतिलिपिः**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी, सुलतानपुर।
3. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या कैम्प–सुलतानपुर।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सुलतानपुर।
6. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय(वि0/यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
7. मेसर्स फिचनर–टी0पी0आई0, सुलतानपुर।
8. डिस्ट्रिक्ट–को ऑर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0–आरवी एसोसिएट्स, सुलतानपुर।
9. श्री मनीष सिंह/श्री अभिजीत पाण्डेय, परि0प्रब0, मेसर्स विध्या टेलीलिंक–गाजा (जे0वी0), सुलतानपुर।
10. श्री हरेन्द्र भाम्बू, परि0प्रब0, मेसर्स यू0एम0पी0ई0एस0एल0, सुलतानपुर।
11. श्री अंकित उपाध्याय, परि0प्रब0, मेसर्स गायत्री –रैमकी (जे0वी0)/एम0आई0आर0पी0पी0एल0, सुलतानपुर।

मुख्य विकास अधिकारी
सुलतानपुर।